**Samyak**
**An Institute For Civil Services**

# RAS - 23 MAINS TEST SERIES

## सिद्धि - 06/A5

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 200**

### प्रशासकीय नीतिशास्त्र, विश्व राजनीति एवं समसामयिक मामलें
### Administrative Ethics, World Politics and Current Affairs

## Paper - II (Unit-I)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Name :** | | | **MARKS** | |
| **Enroll. No.:** | | **Part** | **Attempted Questions** | **Marks Obtained** |
| **Date of Birth :** | | **Part - A** | | 34 |
| **Medium :** | हिन्दी | **Part - B** | | 35 |
| **E-mail :** | | **Part - C** | | 34.5 |
| **Exam Date :** | 26/11/2023 | **Total** | | 103.5 |
| **Invilgator's Signature :** | | | | |
| **ECN:** | **RCN:** | **Hindi:** 11.5 | | **English:** 7.5 |

## अनुदेश (Instructions)

1. परीक्षा शुरू होने से पहले पुस्तिका को जाँच लें।
   **Please check the booklet before commencement of the exam.**
2. दिये गये रिक्त स्थान में निर्देशित शब्द सीमा में उत्तर दें।
   **Write the answers according to the prescribed word limit, in the space given.**
3. अंक योजना प्रत्येक खंड के प्रारम्भ में दी गई है।
   **The marking scheme is given at the start of every section.**
4. परीक्षा के पश्चात् उत्तर पुस्तिका हॉल अधीक्षक को सौंप दें।
   **Return the answer booklet to the hall superintendent after completing the paper.**


**SAMYAK, Near Riddhi Siddhi, Gopalpura Bypass, Jaipur, 9875170111**
**Test Series Helpline & Whatsapp - 9414988860, Email Id - samyaktestseries@gmail.com**

| | REVIEW PARAMETERS | SCALE | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Good | Above Average | Average | Below Average |
| 1. | DOES THE ANSWER ADDRESS THE DEMAND OF THE QUESTION? | | | | |
| a. | **Answer Relevancy** | | ✓ | | |
| b. | **Answer Enrichment** points like use of: · **Key Terms/** Subject Vocabulary. | | ✓ | | |
| | Use of Commission/ report/ government publication/ judgements, etc. | | ✓ | | |
| | **Association with the Current Affairs** and **use of examples** to explain the concept and idea | | ✓ | | |
| 2. | HOW WELL IS THE ANSWER PRESENTED? | | | | |
| a. | **Structure** - Intro, Body, Conclusion | | ✓ | | |
| b. | **Presentation** – Using Subheadings/ points/ highlighting/ flowcharts/ diagrams/ maps | | ✓ | | |
| c. | **Language & Grammar** | | ✓ | | |
| d. | **Word limit** | | ✓ | | |

Detailed Comments / Feedback / Suggestions for Improvement
विस्तृत टिप्पणियाँ/फीडबैक/सुधार के लिए सुझाव :-

1. → Keep revising
2.
3. → Keep practicing
4. → अन्सर के कंटेंट का
5. revision करिए
6.
7.
8.
9.
10.
11.

An Institute For Civil Services

Comment

**Note : Answer the following questions in 15 words. Each question carries 2 marks.**

**नोट : निम्न प्रश्नों के उत्तर 15 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।**

1. 'मूल्य संकट' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए-
**Explain the concept of 'Value crisis'-**

मूल मूल्यों में कमी से व्यवहार परिवर्तन।

नीतिशास्त्र में मूल्य संकट की अवधारणा में मूल्यों का ह्रास होता है। व्यक्ति में मूल्यों की कमी व सिखने की उत्सुकता कमी। - समाज में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

सही परिभाषित करें

1/2

2. स्वामी विवेकानंद की 'दरिद्र नारायण' संकल्पना की प्रशासन में प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए।
**Explain the relevance of Swami Vivekananda's 'Daridra Narayana' concept in administration.**

1

स्वामी विवेकानन्द ने शक्तिशाली बनने व सभी प्रकार की दरिद्रता हटाने पर बल। प्रशासन द्वारा गरीबी व निर्बलता हटाकर सुशासन स्थापना करना। दरिद्रता हटाने वाला नारायण के रूप में प्रशासक।

इनके प्रति → करुणा, सहानुभूति, सहयोग की भावना विकसित करना।

3. गीता 'प्रवृत्ति' एवं 'निवृति' मार्ग के मध्य समन्वय स्थापित करती है- कैसे?
**Geeta establishes coordination between the paths of 'Pravritti' and 'Nivritti' – how?**

- प्रवृत्ति = सांसारिक वस्तुओं से मोह व निवृत्ति - जिम्मेदारी त्यागना
- गीता में इन दोनों अतिवादी को त्यागकर निष्काम भाव से स्वधर्म पालन पर जोर दिया। प्रवृत्ति भी नहीं रखना व जिम्मेदारी से दूर भी नहीं भागना चाहिए यही संदेश गीता द्वारा, जिससे समन्वय स्थापना।

अच्छे से भाषा के आधार पर स्पष्ट करें। कर्तव्यों का निर्वहन आदि समझाए

1

4. 'सद्गुण' और 'कर्त्तव्य' के मध्य क्या संबंध है?
**What is the relationship between 'virtue' and 'duty'?**

दोनों पूरक होते हैं — नैतिक कर्तव्यों के पालन से सद्गुण विकास

= वे आदर्श मापदण्ड जो व्यक्ति के व्यवहार को परिभाषित करते हैं सद्गुण कहलाते हैं व कर्तव्य चेतना से किये कार्य कर्तव्य है।
सद्गुण में कर्तव्य समाहित है तथा कर्तव्य नैतिक बाध्यता है
सद्गुणी व्यक्ति हमेशा कर्तव्यनिष्ठ होता है।

5. जॉन रॉल्स का 'सामाजिक न्याय' का सिद्धांत क्या है?
**What is John Rawls's theory of 'Social justice'?**

जॉन रॉल्स द्वारा समाज के सभी व्यक्तियों के विकास को सामाजिक न्याय कहा है। पिछड़े व अल्पविकसित को सहायता देने व संरक्षण की बात की। बुद्धिजीवियों को अन्धेरे में रखकर पूछने पर सर्वमत तीन बातें (1) सबका विकास (2) पिछड़ा संरक्षण आदि।
गांधी के अन्तिम खड़े व्यक्ति के विकास के जैसी अवधारणा।

6. गीता में वर्णित 'स्थितप्रज्ञ' की परिभाषा लिखिए।
**Write the definition of 'Stithpragya' mentioned in Geeta.**

good

स्थितप्रज्ञ :- व्यक्ति द्वारा विभिन्न नकारात्मक-सकारात्मक परिस्थिति, सुख-दुःख व लाभ-हानि में एक जैसी स्थिति में रहते हुए विवेकानुसार कर्तव्यपालन करना स्थितप्रज्ञ है।
=> प्रशासन में प्रशासक में यह गुण आवश्यक जिससे वह प्रत्येक परिस्थिति में समाज कल्याण में लगा रहे।

उदाहरण दें।

Comment

7. बौद्ध दर्शन में समझाए गए चार आर्यसत्य कौन-कौन से हैं?
**What are the four Noble Truths explained in Buddhist philosophy?**

चार आर्यसत्य :- ① दुःख है। जैसे बीमार,
② दुःख का कारण है। - अज्ञानता
③ दुःख का निवारण है। - अष्टांगिक मार्ग
④ दुःख निवारण विधि से दुःख निवारित किया जा सकता है।

निरोध

2

good

8. काण्ट का 'नैतिक स्वतंत्रता' का विचार लिखिए।
**Write Kant's idea of 'Moral freedom'.**

1 3/4

Individualistic

काण्ट शुभ संकल्प, परिणाम निरपेक्ष व संकल्प स्वतंत्रता की बात करते है। नैतिक स्वतंत्रता में व्यक्ति के लिए विकल्प उपलब्धता, बाहरी दबाव नहीं। तथा अपने नैतिक नियम स्वयं बनाने की बात करते है। जो देश, काल, परिस्थिति से परिवर्तित नहीं हो।

अपने आप में साध्य

9. प्रशासन में 'नैतिक चिंता' के मुख्य विषयों का उल्लेख कीजिए।
**Mention the main issues of 'ethical concern' in administration.**

1 1/4

अन्य बिंदु जैसे -

प्रशासन में नैतिक चिंता के विषय :-
① प्रशासनिक - भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद, लाल फिताशाही
② अन्तर्राष्ट्रीय → राष्ट्र हित प्रभावित, आपसी संघर्ष, युद्ध
③ सैनिक - विज्ञान गलत उपयोग, बायो पाइरेसी,
④ सामाजिक - अंधविश्वास, भ्रष्टाचार स्वीकार्यता

राजनीतिक हस्तक्षेप
व्यापारी की भूमिका
अधिकारों का दुरुपयोग

Comment

10. बेंथम और मिल के दर्शन में मूलभूत अंतर क्या है?
**What is the fundamental difference between the philosophies of Bentham and Mill?**

| बेंथम | J.S. मिल |
| --- | --- |
| ① निकृष्ट सुखवादी | ① उत्कृष्ट सुखवादी |
| ② नैतिकता में 4 दबाव मानना भौतिक राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक | ② आंतरिक दबाव को (5) पाँचवां दबाव मानना। |
| ③ मात्रात्मक सुखवादी | ③ मात्रात्मक + गुणात्मक सुखवादी |

11. टैगोर के दर्शन को 'मूर्त्त एकवाद' क्यों कहा जाता है?
**Why is Tagore's philosophy called 'Concrete Monism' (Moort Ekvada)?**

रविन्द्रनाथ टैगोर भारत के नव्य वेदांतिक विचारक जिन्होंने अध्यात्म को सकारात्मक लेते हुए ऐकेश्वर वाद पर बल दिया। नैतिक नियमों का पालन सभी के लिए अनिवार्य जिसका लक्ष्य एक ही है।

12. 'सहिष्णुता' को परिभाषित कीजिए।
**Define 'tolerance'.**

सहिष्णुता :- अपने व दुसरे के मतों में विरोधाभास होते हुए भी दुसरे के मत को सुनना व समझना तथा उसको सहन करते हुए उसके तार्किक पक्ष को स्वीकारते हुए निस्पक्ष व तार्किक निर्णय लेने की क्षमता - सहिष्णुता है। यह इसका सकारात्मक पक्ष।

Comment

13. ओस्लो समझौता क्यों चर्चाओं में है?
**Why is Oslo Accord in discussion?**

⇒ इजराइल व फिलिस्तीन (PLO) के मध्य यह समझौता हुआ तथा वर्तमान में इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष कारन चर्चा में।
⇒ 1993 व 1995 में - फिलिस्तीन लिबरेशन संगठन व इजराइल मध्य - USA मध्यस्थता। शांति स्थापना व दोनों के हित साधने हेतु।

14. हाल ही में BRICS में शामिल किए गए देशों के नाम लिखिए।
**Write the names of the countries recently included in the BRICS.**

6 नये देश शामिल जोहान्सबर्ग सम्मिट में।
(1) मिस्र (2) सऊदी अरब
(3) संयुक्त अरब अमीरात (4) ईरान
(5) इथोपिया (6) अर्जेंटिना

15. चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार-2023 किसे प्रदान किया गया है?
**Who has been awarded the Nobel Prize-2023 in the field of medicine?**

| | Comment |
|---|---|

16. 'पश्चिमी QUAD' का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए और इसमें शामिल देशों के नाम बताइए।
**Explain the purpose of 'Western QUAD' and name the countries included in it.**

⇒ पश्चिमी QUAD के उद्देश्य :— दक्षिणी व दक्षिणी पश्चिमी एशिया में शांति व सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा व सहयोग, मुक्त, सुरक्षित हिन्द प्रशान्त व अरब क्षेत्र।

⇒ शामिल देश – भारत, इजराइल, USA व UAE

1½

17. 'ऑपरेशन अजय'
**'Operation Ajay'**

2

⇒ फिलिस्तीन/हमास – इजराइल संघर्ष के दौरान इजराइल में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए चलाया अभियान, "ऑपरेशन अजय"।

18. गाजा पट्टी क्षेत्र हाल ही में क्यों सुर्खियों में रहा है?
**Why has the Gaza Strip region been in the news recently?**

2 Good attempt

⇒ 7 अक्टूबर को हमास द्वारा 5000 से अधिक रॉकेटों द्वारा इजराइल पर आतंकी हमला किया। इजराइल द्वारा 'ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड' द्वारा गाजा पट्टी पर प्रतिरक्षी हमला।

Map

⇒ गाजा पट्टी का द्विविभाजन – उत्तरी व दक्षिणी किया गया।

⇒ गाजा पट्टी में अस्पतालों व सुरंगों से हमास आतंकी निकालने का अभियान। हाल में 5 दिन का संघर्ष विराम।

19. श्रीलंका आर्थिक संकट के प्रमुख कारणों को गिनाइए।
**Enumerate the main reasons for Sri Lankan economic crisis.**

श्रीलंका में आर्थिक संकट के कारण :- ① 100% जैविक कृषि अपनाना - खाद्यान्न उत्पादन कम हुआ ② कोविड के पर्यटन कम ③ कर सुधार - कर कम किये ④ चीन की ऋण जाल नीति ⑤ राजकोषीय सुदृढीकरण न करना।

(2) very good

20. हिन्द महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS)
**Indian Ocean Naval Symposium (IONS)**

⇒ हिन्द महासागर के सभी देश, पूर्वी अफ्रीका, द-पश्चिम एशियाई देशों की नौसेना द्वारा संगोष्ठी।

⇒ उद्देश्य - हिन्द-प्रशान्त क्षेत्र को मुक्त, सुरक्षित रखना, क्षेत्रीय सहयोग तथा समुद्री रक्षा प्रणाली साझा।

(1½) good लेकिन कितने राष्ट्र शामिल? कब बना?

21. भारतीय विदेश नीति में 'सॉफ्ट लोन डिप्लोमेसी' के महत्त्व के दो बिंदु स्पष्ट कीजिए।
**Explain two points of importance of 'Soft Loan Diplomacy' in Indian foreign policy.**

⇒ भारत की सॉफ्ट लोन डिप्लोमेसी के महत्व :—

① ग्लोबल साउथ की अभिव्यक्ति के तहत सहयोग भावना।

② ऋण जाल व संकट में फंसे राष्ट्र को उबारना उदा० श्रीलंका को ऋण - आसान शर्तों में।

चीन की डेट ट्रैप को प्रतिसंतुलित

(2) good प्रश्न की माँग के उदा० उत्तरित

Comment

22. 'अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा'
'International North-South Transport Corridor'

(2)

⇒ भारत-रूस-ईरान के बीच सन् 2000 में समझौता

⇒ उद्देश्य - भारत को ईरान से होते हुए कैस्पियन सागर व मध्य एशिया को जोड़ना व फिर बाल्टिक सागर तक।
- रेल । सड़क । समुद्री मार्ग का गलियारा।

⇒ हाल में अजरबैजान व ईरान मध्य रेल मार्ग 162 km समझौता।

सभी बिंदुओं का अच्छा वर्णन

23. 'मिन्स्क समझौते' क्या हैं?
What are the 'Minsk Agreements'?

(2) सटीकता

⇒ युक्रेन व रूस मध्य काला सागर में निर्बाध परिवहन तथा आन्तरिक अहस्तक्षेप हेतु समझौते।

⇒ मिन्स्क I तथा मिन्स्क-II - संयुक्त राष्ट्र मध्यस्थता से।

⇒ सन् 2014 - 2015 में।

24. 'पैरा डिप्लोमेसी'
'Para Diplomacy'

0

Comment

25. 'नेशनल कार्बन रजिस्ट्री' के बारे में समझाइए।
**Explain about 'National Carbon Registry'.**

⇒ जलवायु परिवर्तन को कम करने व कार्बन उत्सर्जन के मापन के लिए रजिस्ट्री। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्बन उत्सर्जन मापन करना तथा उसके अनुसार रणनीति बनाने में मदद।

(0) (सही व्याख्या करें)

**Note : Answer the following questions in 50 words. Each question carries 5 marks.**
**नोट : निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।**

1. 'मूल्य' को परिभाषित करते हुए 'मूल्यों' के विकास में शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका स्पष्ट कीजिए।
**Define 'values' and highlight the role of educational institutions in the development of 'values'.**

⇒ मूल्य :— वे आदर्श या मापदण्ड जो व्यक्ति के व्यवहार के परिलक्षित करते है ये नकारात्मक या सकारात्मक हो सकते है लेकिन व्यक्ति को हमेशा अच्छे लगते है। उदा० दयालू, विवेकशील, न्याय, करुणा।

(जिसे हम प्राप्त करना चाहते हैं)

(2½)

⇒ मूल्यों के विकास में शैक्षणिक संस्थाओं की भूमिका :—
① प्रथम औपचारिक पाठशाला।
② नकारात्मक मूल्यों को मिटाना व अच्छे मूल्य सिखाना।
③ विद्यालय से स्थायी मूल्यों का विकास।
④ सहपाठी से प्रतिस्पर्धा, खेलों से टीम भावना, सहयोग सिखना।
⑤ अनुशासन, समयबद्धता, विनम्रता के मूल्य सिखता है।
⑥ अध्यापक को रॉल मॉडल मानना, विद्यालयी गतिविधियों से विकास।

(- राष्ट्रीय पर्वों को उत्सव मनाना।
- महान शख्सियतों के बारे में बताना आदि स्पष्ट करें।)

Comment

2. 'ऋण' की अवधारणा प्रशासन में 'कर्त्तव्यबोध' एवं 'उत्तरदायित्व' की भावना को बढ़ाने में किस प्रकार सहायक है?

How is the concept of 'Rina' helpful in increasing the sense of 'duty' and 'responsibility' in administration?

good

Intro ⇒ ऋण – ऋग्वैदिक अवधारणा, भौतिक व सामाजिक अस्तित्व हेतु माता-पिता, गुरु व देवों का ऋणी।

⇒ प्रशासक भी उसी प्रकार सामान्य जन का ऋणी है।

good presentation इस ऋण से मुक्ति पाने के लिए प्रशासक को कर्तव्य बोध व उत्तरदायित्व की भावना से जन कल्याण के कार्य करना है। ऋण मुक्ति के कारण ही प्रशासक उत्तरदायित्व व कर्तव्यबोध से समाज हित में कार्य करेगा अतः ऋण अवधारणा प्रशासन में उपयोगी है।

2½

3. सावित्री बाई फुले के जीवन से प्राप्त होने वाली शिक्षाओं को बिंदुवार लिखिए।

Write point wise the lessons learned from the life of Savitri Bai Phule.

Intro:

⇒ सावित्री बाई फुले (महाराष्ट्र) ने साधारण जीवन जीते हुए समाज में अच्छी शिक्षाओं से योगदान दिया।

शिक्षाएं :– ① सादा जीवन व उच्च विचार।

② छुआछूत व अंध विश्वास मिटाया।

③ दृढ़ इच्छाशक्ति से कार्य सफलता की शिक्षा।

④ ज्योतिबा फुले के साथ ग्रामीण शिक्षा व महिला शिक्षा को बढ़ावा।

⑤ हथकरघा व हस्तशिल्प बढ़ावा ⑥ नैतिक मूल्यों का विकास।

2½

Comment

4. काण्ट द्वारा वर्णित कर्त्तव्यों के वर्गीकरण को स्पष्ट कीजिए।
**Explain the classification of duties described by Kant.**

Intro दें

⇒ काण्ट द्वारा कर्तव्यों का वर्गीकरण :—

① पूर्ण बंधी कर्तव्य → विकल्प नहीं, चयन स्वतंत्रता नहीं = Exp आत्महत्या न करना

② अपूर्ण बंधी कर्तव्य → चयन स्वतंत्रता – दान देना।

अन्य वर्गीकरण :—

① स्वयं के प्रति कर्तव्य

② दूसरों के प्रति कर्तव्य

③ कर्तव्य के प्रति कर्तव्य – सबसे उचित माना।

2½

इसको विस्तार दें

last में एक line में conclusion लिखें

5. गीता में वर्णित 'स्वधर्म' क्या है? 'स्वधर्म' की महता का बिंदुवार वर्णन करें।
**What is 'Swadharma' mentioned in Geeta? Describe the importance of 'Swadharma' point by point.**

⇒ स्वधर्म :— गीता के अनुसार वर्ण व आश्रम के अनुसार निर्धारित कर्तव्यों को करना। दूसरों के कर्तव्यों में / कार्यों में हस्तक्षेप न करना।

good Intro

2½

⇒ स्वधर्म की महत्ता :— ① स्वधर्म की महत्ता व्यक्ति के सामान्य जीवन व प्रशासन में (दोनों) है।

② प्रशासक को निर्धारित कार्यों का पालन करना चाहिए जिससे सभी अपने कार्यों से जन कल्याण हो।

③ परधर्म व अतिक्रमण से छुटकारा ④ कार्य दुहराव कम होगा ⑤ कार्य दक्षता व परिणाम उच्च होगा।

कर्तव्यों व आदर्शों में स्वधर्म की महता? + Example भी देना था लेकिन आगे लिखें

Comment

6. एक प्रशासक के निष्पक्ष और तटस्थ होने के लाभों की व्याख्या कीजिए।
**Explain the advantages of an administrator being impartial and neutral.**

⇒ किसी पूर्वाग्रह से ग्रसित न होकर जाति, धर्म, लिंग से तटस्थ रहकर निर्णय करना। -

⇒ (लाभ) → उच्च कोटी की कर्तव्य भावना विकसित।
↳ जन कल्याण व समाज के सभी वर्गों को लाभ
↳ संसाधनों का सदुपयोग।
↳ जरूरत मंद व्यक्ति को निष्पक्ष न्याय व जरूरत पूरी
↳ व्यक्ति, समाज व प्रशासन में उच्च नैतिक मूल्य विकास।
↳ प्रशासन में भ्रष्टाचार, कदाचार नहीं होगा।
↳ जनभागीदारी, पारदर्शिता, जवाबदेहिता का विकास।

7. 'कानून नैतिकता के निर्धारक हैं।'- कथन की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।
**'Laws are the determinants of morality.'- Critically interpret the statement.**


⇒ व्यक्ति व समाज में कानूनी बाध्यता से नैतिकता का विकास तथा शासन, प्रशासन व राष्ट्र में सुव्यवस्था की स्थापना होती है। विभिन्न कानूनों यथा दहेज ~~प्रथा~~ निवारक कानून, घरेलू हिंसा निषेध अधि० 2007 आदि से नैतिकता का विकास लेकिन यह हमेशा नैतिकता का विकास करेंगे यह जरूरी नहीं। ~~इस~~ कुछ कानून शासन व्यवस्था को दुरुस्थ करने के लिए बनाये जाते है लेकिन उनका उपयोग गलत दृष्टि से ~~करके~~ उसका विपरित फायदे लिये जाते है। फिरभी जन कल्याण व सुव्यवस्था हेतु कानूनों की महती आवश्यकता है।

**Comment**

8. 'सामाजिक न्याय' को परिभाषित करते हुए इसके मुख्य सिंद्धातों का उल्लेख करें।
**Define 'Social justice' and mention its main principles.**

⇒ सामाजिक न्याय :— समाज के सभी वर्गों को सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक न्याय देना व संसाधनों का वितरण उच्च मानकों से करना व वंचितों को पूर्ण सहभागीता का अवसर देना - यही सामाजिक न्याय है।

⇒




1 3/4

9. SCO शिखर सम्मेलन-2023 के अंतर्गत उठाए गए महत्त्वपूर्ण बिंदु कौन-कौन से रहे हैं?
**What were the important points raised during the SCO Summit-2023?**

⇒ 2023 का SCO शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में सम्पन्न।

⇒ महत्वपूर्ण बिन्दु :— (1) ईरान को औपचारिक सदस्य बनाया गया।

(2) भारत-चीन विवाद कम करने पर वार्ता।

(3) रूस-युक्रेन संघर्ष को बातचीत से सुलझाने पर बल

(4) आतंकवाद, अतीवाद व मादक पदार्थ पर रोक पर आम सहमति।

(5) डिजीटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सहयोग की बात।

(6) BRI परियोजना से भारत ने पूर्णता से अलग रहा। शामिल नहीं

(7) जलवायु परिवर्तन पर साझा प्रभाव व सहयोग पर सहमति।

1 1/4

सही बिंदु लिखे मगर कुछ कम हैं

घोषणा पत्र में शामिल बिंदु लिखें

10. RCEP क्या है? RCEP से भारत के पीछे हटने के कारणों की व्याख्या कीजिए।
What is RCEP? Explain the reasons for India's withdrawal from RCEP.

=> (RCEP) व्यापक क्षेत्रीय आर्थिक साझेदारी :- दक्षिणी-पूर्वी एशियाई देशों, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया द्वारा गठित क्षेत्रीय आर्थिक साझेदारी मंच है। सेवा व वस्तुओं का मुक्त व्यापार समझौता। वर्ष 2022 में पूर्ण अमल में।

=> भारत द्वारा शामिल न होने के कारण :- ① पहले से ही इन राष्ट्रों के साथ व्यापार घाटे में ② चीन से व्यापार घाटा ज्यादा होगा ③ कृषि व डेयरी उत्पाद आयात होगा (ऑस्ट्रेलिया से) घरेलू नुकसान ④ स्वतः रोक क्लॉज को RCEP सदस्य देशों द्वारा न मानना ⑤ आसियान साथ FTA पहले से है।

11. भारत-म्यांमार संबंध पूर्वोत्तर भारत की स्थिरता व शांति के लिए अनिवार्य हैं- स्पष्ट करें।
India-Myanmar relations are essential for the stability and peace of North-East India – Explain.

=> भारत व म्यांमार के पहले से ही भूसांस्कृतिक व भूराजनीतिक सम्बंध है। वर्तमान में अच्छे संबंध पूर्वोत्तर भारत की स्थिरता व शांति हेतु आवश्यक है क्योंकि ① म्यांमार की सीमा पूर्वोत्तर राज्यों से लम्बी सीमा ② मणिपुर घरेलू संकट में अति आवश्यक ③ मणिपुर में हथियार आवाजाही का खतरा ④ शरणार्थी समस्या ⑤ पूर्वोत्तर नृजातियता समूह सुरक्षा इत्यादि गंभीर मामले है। म्यांमार में हाल का सैन्य तख्तापलट व लोकतांत्रिक सरकार (आंग सान सू की) गिरना भारत के लिए चिंताजनक स्थिति। पिछले माह म्यांमार प्रांत से (चिन) से शरणार्थी मिजोरम व मणिपुर में घुसे। अतः म्यांमार के साथ सम्बंध अतिमहत्वपूर्ण है।

12. दक्षिणी चीन सागर विवाद में भारत की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।
**Evaluate India's role in the South China Sea dispute.**

⇒ चीन द्वारा 9 डैश लाइन की नीति द्वारा दक्षिणी चीन सागर के 80% हिस्से पर अधिकार जताता है व फिलिपिंस, इण्डोनेशिया के द्वीपों पर अधिकार। भारत की भूमिका: ① भारत-आसियान सम्बंध से द०पूर्वी देशों को सहयोग ② मलक्का जल संधि अहम कड़ी - चीन दबाव ③ QUAD में शामिल भारत - शांति, सुरक्षा बहाली प्रयास ④ इण्डोनेशिया, मलेशिया के साथ द०चीन सागर में समुद्री नौसैनिक युद्धाभ्यास - दबाव हेतु ⑤ फिलीपिंस को ब्रह्मोस मिसाइल - सौदा। इस प्रकार मुक्त व्यवस्था व सुरक्षित चीन सागर में भारत की अहम भूमिका।

सम्पूर्ण उत्तर

3

good Body part

13. 'नियम आधारित विश्व व्यवस्था' (RBWO) क्या है? RBWO को सुनिश्चित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संस्थान कौन-कौन से हैं?
**What is 'Rules Based World Order' (RBWO)? Which are the international institutions that ensure RBWO?**

⇒ नियम आधारित विश्व व्यवस्था :- ऐसी विश्व व्यवस्था जिसमें विदेशी व्यापार (वस्तु-सेवा), तकनीकी, सूचना आदान प्रदान, हथियार, ऊर्जा आदि निश्चित नियमों-विनियमों के तहत होती है। यह एक अच्छी व्यवस्था जिसमें सभी के हितों का संरक्षण होता है।

⇒ संस्थाएं - ① विश्व व्यापार संगठन WTO = इसके नियम - TRIMS, WIPO, TRIPS, IPR
② विश्व बैंक ③ IMF ④ संयुक्त राष्ट्र व इसकी संगठन ⑤ विभिन्न संधियां ⑥ UNCTAD ⑦ UNEP

good Intro.

2

इन सभी संस्थाओं के जरिए होने वाले काम भी लिखें।

An Institute For Civil Services | Comment

14. गुट-निरपेक्ष आंदोलन के घटते हुए महत्त्व के कारणों की चर्चा करें।
**Discuss the reasons for the declining importance of the Non-Aligned Movement.**

⇒ गुट-निरपेक्ष आंदोलन - 1955, बाण्डुग सम्मेलन में अवधारणा। किसी भी सैन्य गठबन्धन से निरपेक्ष व्यवस्था।

⇒ घटते हुए महत्व के कारण :- ① विभिन्न संघर्षों को रोकने में असफल ② संयुक्त राष्ट्र में सुधार न करवा पाना ③ विभिन्न क्षेत्रीय संगठनों की अधिकता ④ बहु ध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनना ⑤ शीत युद्ध समाप्त होना - टकराव कम ⑥ गुट निरपेक्ष का स्थान - G-77 व द.पू. संगठन ने लिया।

फिर भी विश्व शांति व सुरक्षा तथा विकासशील व अल्पविकसित राष्ट्रों को युद्धों से दूर रहने के लिए गुट निरपेक्ष की आवश्यकता है।

15. संयुक्त राष्ट्र संघ को और अधिक प्रभावी बनाने के उपाय सुझाइए।
**Suggest ways to make the United Nations more effective.**

⇒ संयुक्त राष्ट्र संघ - स्थापना 24 अक्टु 1945 सेन फ्रांसिस्को सम्मेलन
उद्देश्य - विश्व शांति, सहयोग, विवाद निपटान व विकास

⇒ प्रभावी बनाने के उपाय : ① UN का लोकतंत्रीकरण करना।
② सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य बढाना - अफ्रीका, लेटिन अमेरिका व उच्च जनसंख्या का प्रतिनिधित्व देना।
③ सुरक्षा परिषद के निर्णयों में निष्पक्षता लाना - संघर्ष विराम हेतु तटस्थ व निष्पक्ष निर्णय लेना।
④ विकसित देशों के प्रभुत्व को कम करना ⑤ ग्लोबल साउथ के देशों को शामिल करना ⑥ निर्णयन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना।
⑦ आक्रमणकारी देश पर कठोर कार्यवाही व बाध्यता लादना।
⑧ सभी अंगों में सामूहिक भागीदारी बढाना।

16. 'ग्लोबल साउथ' क्या है? 'ग्लोबल साउथ' के लिए भारत द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहलें कौन-कौनसी हैं?

What is 'Global South'? What are the major initiatives launched by India for the 'Global South'?

⇒ ग्लोबल साउथ - सामान्य अर्थ में अल्पविकसित, अविकसित व विकासशील देशों का समूह। 1980 की अवधारणा ब्रैंट लाइन अनुसार लैटिन अमेरिका, अफ्रीका व दक्षिणी एशियाई देशों के समूह।

⇒ भारत की ग्लोबल साउथ के लिए पहल :—

① G20 में अफ्रीकी यूनियन को स्थायी सदस्य बनाना।

② जलवायु वित्त के लिए अफ्रीकी देशों के लिए वित्त की मांग करना।

③ भारत द्वारा 2030 तक 150 मिलियन डॉलर वित्त की घोषणा।

④ खाद्य व पोषण हेतु भारत द्वारा सहयोग।

⑤ ग्लोबल साउथ स्कोलरशीप प्रोग्राम

⑥ ग्लोबल साउथ एक्सीलेंसी अवार्ड की घोषणा।

2

voice of global south सम्मेलन

आरोग्य मैत्री ?

global south science & technology Initiative

अन्य (बिन्दु) पहलुओं को लिखे

Comment

Note : Answer the following questions in 100 words. Each question carries 10 marks.

नोट : निम्न प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।

1. गाँधीजी की 'सर्वोदय' की अवधारणा की व्याख्या करते हुए प्रशासन में 'सर्वोदय' के महत्त्व को समझाइए।
Explain the importance of 'Sarvodaya' in administration by explaining Gandhiji's concept of 'Sarvodaya'

good Intro.

⇒ सर्वोदय :- अर्थ सर्व + उदय = सभी का विकास
- गांधीजी की सामाजिक व आर्थिक अवधारणा
जिसमें समाज के सभी व्यक्तियों का सभी पक्षों में
अर्थात् सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक उत्थान
व सर्वांगीण विकास ही सर्वोदय है। अन्तिम व्यक्ति
तक सुविधाएँ पहुंचनी चाहिए।

good presentation

5½

⇒ प्रशासन में "सर्वोदय" का महत्व :-

① प्रशासन का उद्देश्य लोक कल्याण कारी राज्य की
स्थापना करना तथा इसमें सर्वोदय बहुत उपयोगी।

② समाज के सभी वर्गों का हित संरक्षण। इसमें
जाति। धर्म। लिंग इत्यादि पर भेदभाव नहीं कर सकते।

③ सामाजिक विकास हेतु योजनाओं का निर्माण व क्रियान्वयन
करना व वंचितों, असहायों की अधिक सहायता। कोई
भी पीछे न रहे - जॉन रॉल्स के न्याय से प्रभावित।

④ राजनीतिक विकास - प्रतिनिधित्व बनाना, सब। शामिल

⑤ आर्थिक रूप से अवसर समानता व संसाधन वितरण करना

⑥ गरीबी, बेरोजगारी हटाना

अतः समाज के सभी वर्गों के विकास व जन कल्याण कारी
राज्य की स्थापना के लिए सर्वोदय की अवधारणा अतिमहत्वपूर्ण है।

कोर्ट पर अच्छे पक्ष
गांधी साधनों का उल्लेख

2. सिविल सेवा के आधारभूत मूल्य कौन-कौन से हैं? एक सिविल सेवक को इन मूल्यों का पालन क्यों करना चाहिए? स्पष्ट करें।
**What are the basic values of civil service? Why should a civil servant follow these values? Please clarify.**

⇒ सिविल सेवा में प्रशासक के लिए कई आधारभूत मूल्यों की आवश्यकता होती है ये आधारभूत मूल्य :- तटस्थता, पारदर्शिता, निष्पक्षता, गैर तरफदारी, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, करूणा, सहिष्णुता, कर्तव्यनिष्ठा, उत्तरदायित्व व जवाबदेहिता जैसे मूल्य आवश्यक है।

⇒ सिविल सेवक को इन मूल्यों का पालन ① लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना हेतु ② सभी के हितों की रक्षा के लिए ③ प्रशासन में भ्रष्टाचार, लालफीताशाही, कदाचार को कम करने हेतु ④ सरकारी संसाधनों के सदुपयोग हेतु ⑤ सभी वर्गों के कल्याण हेतु ⑥ भाई भतिजावाद व धन के अवैध उपयोग को रोकने हेतु ⑦ प्रशासन में जनसहभागीता व पारदर्शीता बढाने हेतु ⑧ शासन प्रशासन व समाज में उच्च मूल्यों व आदर्शों के विकास हेतु ⑨ सामाजिक, नैतिक आर्थिक व राजनीतिक विकास व समृद्धि हेतु ⑩ तथा गांधीवादी मूल्यों अनुरूप सर्वोदय व गीता के निष्काम कर्म भावना बढाने हेतु इन आधारभूत मूल्यों का पालन आवश्यक है।

अतः प्रशासकों में प्रशिक्षण, नैतिक विकास माहौल व सामाजिक उच्च आदर्शों के द्वारा इन मूल्यों के विकास व पालन से शासन प्रशासन व समाज का कल्याण होगा।

Good
1 ...
++
अच्छी प्रस्तुति
अन्य बिन्दु जैसे- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की अच्छी छवि का निर्माण
कुटनीतिक सहायता

Comment

3. भगवद् गीता की शिक्षाएँ प्रशासन और शासन व्यवस्था में सुधार का मूल आदर्श बिंदु बनाई जा सकती हैं- कथन की व्याख्या कीजिए।

The teachings of Bhagavad Gita can be made the basic ideal point of reform in administration and governance system – Explain the statement.

⇒ भगवद् गीता में परिणाम निरपेक्षता के साथ निष्काम कर्म के साथ अनेक शिक्षाएँ हैं जो कृष्ण द्वारा अर्जुन को अपने नैतिक द्वन्द्व को मिटाने के लिए दी गई। ये शिक्षाएं निम्न प्रकार प्रशासन में उपयोगी:—

① निष्काम कर्म — प्रशासन में बहुत उपयोगी। प्रशासक को कर्मफल इच्छा रहित होकर पदीय कर्तव्य निर्वहन करना चाहिए।

② लोक संग्रह:— प्रशासन में लोक कल्याण कारी भावना के साथ जन कल्याण करना — गीता की ये शिक्षा अति महत्वपूर्ण।

③ स्थितप्रज्ञ — विभिन्न परिस्थिति में एक समान रहना — प्रशासक को दबावों, हानि, शुभ-अशुभ में स्थिर रह कर कर्तव्य निर्वहन करना।

④ स्वधर्म — प्रशासक द्वारा अपने पदीय कर्तव्य को करना जिससे शासन में कार्यकुशलता व प्रभावशीलता बढ़ेगी।

⑤ प्रवृत्ति व निवृत्ति समन्वय — गीता के अनुसार भौतिक वस्तु से ज्यादा मोह भी न रखकर व कर्तव्य से भागना भी नहीं — मध्यम मार्ग

⑥ योगक्षेम — वांछित परिणाम प्राप्ति में लगना व प्राप्ति होने पर उसे बनाये रखना। प्रशासक का निरंतर प्रयास।

इस प्रकार इन शिक्षाओं से न केवल प्रशासनिक सुधार होगा बल्कि जनसहभागिता, निष्पक्षता, व निष्पादन क्षमता बढ़ेगी जो गुड गवर्नेंस व लोक कल्याणकारी राज्य स्थापना में तथा शासन में सुधार हेतु उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

good

presentation

6

4. नैतिक निर्णय करने में योगदान देने वाले कारक कौन-कौनसे हैं? विवेचना करें।
What are the factors that contribute to ethical decision making? Discuss.

Comment

⇒ नैतिक निर्णय :- दो या दो से अधिक विकल्पों में से सबसे उचित व नैतिक निर्णय को चुनना, नैतिक निर्णय कहलाता है।

⇒ नैतिक निर्णय करने में बहुत सारे पक्षों का योगदान होता है जो निर्णय को प्रभावित करते है।

① संवैधानिक मूल्य :- किसी भी निर्णय को लेते समय उसे संवैधानिक मूल्यों यथा स्वतंत्रता, समानता, न्याय के पक्षों में लेना आवश्यक है। भेदभाव व किसी की स्वतंत्रता में बाधक न हो।

② नियम व विनियम :- नैतिक निर्णय प्रशासनिक नियमों व विनियमों से बंधे हुए होते है।

③ प्राकृतिक न्याय :- निष्पक्ष व तटस्थता का मूल्य - प्राकृतिक न्याय प्रभावित न हो।

④ तत्कालीन परिस्थिति - यह भी निर्णय को प्रभावित करती है।

⑤ अन्तरात्मा की आवाज :- सभी पक्षों के बाद अन्तरात्मा की आवाज ईश्वर की आवाज होती है सत्य की ओर निर्णय को ले जाती है। मानवीय पक्ष को ज्यादा महत्व।

इस प्रकार नैतिक निर्णय में इनके अलावा सामाजिक आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक प्रभावित मूल्यों का भी प्रभाव रहता है। इन सभी पक्षों का ध्यान रखते हुए नैतिक निर्णय सर्वहित में लेने चाहिए।

गुणा दोष, नकीमा, मुल्यांकन करने के बाद नैतिक निर्णय तक पहुँचना

वैधानिकता

अन्य कारक → उद्देश्य, समयकाल → वस्तुनिष्ठता आदि का भी वर्णन कर सकते है

Comment

5. इजराइल-फिलीस्तीन संघर्ष का भारत पर क्या प्रभाव पड़ सकता है? विस्तार से समझाइए।
**What impact can the Israel-Palestine conflict have on India? Explain in detail.**

⇒ इजराइल-फिलीस्तीन संघर्ष से न केवल अरब क्षेत्र में अशांति असुरक्षा बल्कि यह मध्य एशिया, पूर्वी एशिया, यूरोप, भारत समेत सम्पूर्ण विश्व को प्रभावित कर रहा है।

⇒ भारत पर प्रभाव :—

① विदेश नीति में द्वन्द्वता :- भारत द्वि-राष्ट्र समर्थक। इजराइल भारत का रक्षा सहयोगी, USA का निकट - इसका साथ देने पर अरब देश से हित प्रभावित व न देने पर USA से दूरियाँ।

② ऊर्जा सुरक्षा :- तेल आयात प्रभावित व तेल कीमत बढ़ोत्री से घरेलू अर्थव्यवस्था मुद्रास्फीति।

③ इजराइल रक्षा उपकरण आयात प्रभावित - ड्रोन, PGI

④ ईरान, सऊदी अरब, UAE आदि से हित प्रभावित। ईरान चाबहार बन्दरगाह व INSTC प्रभावित हो सकते हैं।

⑤ प्रवासी भारतीय फँसे — ऑपरेशन अजय। अभी कई फसे व रोजगार बाधित।

⑥ IMEC भारत मध्य एशिया इकॉनोमिक कॉरिडोर - G20 में गठन इस पर विपरित प्रभाव - सऊदी अरब, UAE, इजरायल क्षेत्र।

⑦ भारत में आंतरिक अव्यवस्था - दोनों धर्मों को पालन वाले रहवासी में।

⑧ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित से भारत भी प्रभावित।

⑨ उर्वरक, खाद्यान्न, पेट्रोलियम व सेवा क्षेत्र प्रभावित।

इस प्रकार इस संघर्ष से भारत पर बहुपक्षीय विपरित प्रभाव पड़ेगा अतः वैश्विक शांति के लिए इसका तुरन्त समाधान निकालना आवश्यक है।

दोनों के संघर्ष के बारे में Intro दें।

5½

Good presentation of body part

well Concluded

Comment

6. 18वें G-20 सम्मेलन की थीम को स्पष्ट करते हुए इस सम्मेलन की उपलब्धियों की व्याख्या कीजिए।
Explaining the theme of the 18th G-20 conference, explain the achievements of this conference.

⇒ 18 वीं G-20 सम्मेलन 8-9 सित० 2023 को भारत में (नई दिल्ली) में आयोजित हुआ। G-20 → 19 देश + युरोपियन युनियन का संगठन

⇒ G-20 - 2023 की थीम :- "वसुधैव कुटुम्बकम" - एक विश्व, एक परिवार, एक भविष्य। - सम्पूर्ण पृथ्वी को एक परिवार मानना। लोगो - ~~पृथ्वी पर~~ कमल पर पृथ्वी।

⇒ **उपलब्धियाँ**

① नई दिल्ली सर्वसम्मति से घोषणा पत्र।

② IMEC - भारत मध्य एशिया-युरोप आर्थिक गलियारा बना - परिवहन लागत कम - सड़क, रेल, समुद्र मार्ग से। भारत अमेरिका, फ्रांस, इटली, सऊदी अरब शामिल।

③ वैश्विक बायो फ्यूल अलाइंस (GBFA) → भारत, अमेरिका, बांग्लादेश, ब्राजील इत्यादि द्वारा घोषणा - ऊर्जा सुरक्षा हेतु

④ डिजीटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर डाटा सिस्टम - DPI व भुगतान प्रणाली बनाना, डाटा साझा

⑤ अफ्रीकन युनियन (AU) को G20 का सदस्य बनाया - ग्लोबल साउथ आवाज को शामिल।

⑥ AI व क्रिप्टो का उचित प्रयोग पर चर्चा

⑦ जलवायु व सतत विकास पर सफल चर्चा

⑧ भारत की नेतृत्व क्षमता विकास व सांस्कृतिक मूल्य विकास

इस प्रकार G20 का यह आयोजन भारत को विश्व पटल पर अग्रणी देशों में शामिल करवाने वाला था तथा दक्षिण की आवाज, सर्वसम्मति से घोषणा इसकी मुख्य पहचान रही।

good Intro

5

वैश्विक जैविक ऊर्जा समता?
- Terror?
- Russia-Ukrain war condemn
भी add करे

conclusion में output से related कुछ लिख सकते हैं

Comment

7. AUKUS गठबंधन क्या है? AUKUS समूह से संबंधित एशिया की प्रमुख चिंताओं पर प्रकाश डालिए।
What is the AUKUS alliance? Throw light on the major concerns of Asia related to the AUKUS group.

⇒ AUKUS = यह ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन व अमेरिका पारस्परिक नौसैनिक सहयोग व सूचना साझा हेतु एक गठबन्धन है। उद्देश्य → हिन्द-प्रशान्त व द० चीन सागर को मुक्त खुला व सुरक्षित रखना व चीन को प्रतिसन्तुलित करना।

⇒ AUKUS समूह से संबंधित एशिया की प्रमुख चिंताएं :-

① चीन द्वारा दक्षिण चीन सागर के 80% भाग व विभिन्न द्वीपों पर अधिकार करना।

② स्ट्रिंग ऑफ पर्ल की चीन की नीति।

③ असुरक्षित हिन्द-प्रशान्त क्षेत्र

④ चीन द्वारा समुद्र में पनडुब्बी से निगरानी व आक्रामकता दिखाना।

⑤ चीन का मेरीटाइम सिल्क रूट - द्वीपीय देशों की क्षेत्रीय अखण्डता व सम्प्रभुता प्रभावित।

⑥ ऑस्ट्रेलिया द्वारा निगरानी न रख पाना - AUKUS द्वारा ऑस्ट्रेलिया को पनडुब्बी देना।

⑦ द० एशिया के देशों के हितों की रक्षा।

⑧ चीन के विस्तारवादी नीति को प्रतिसन्तुलित करना।

उपर्युक्त सारी चिंताओं के कारण चीन को प्रतिसन्तुलित करने व क्षेत्र में शांति व सुरक्षा हेतु AUKUS गठबंधन का गठन। जिससे ऑस्ट्रेलिया द्वारा निगरानी व USA+UK की तकनीकी सहायता प्रदान करना।

Good
Intro

1¼

प्रश्न की मांग के अनुसार उत्तर दें कि चीन की विस्तारवादी नीति और AUKUS के बनने का उद्देश्य लिखें

1. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए अंक - 5

(i) अस्ताचल

अस्त + अचल

(ii) मुखापेक्षी

मुख + अपेक्षी

(iii) मुनीश्वर

मुनी + ईश्वर

(iv) धनैषणा

धन + ऐषणा

(v) नायिका

नै + इका

(vi) शिरोरूह

शिरा + उरुह

(vii) उच्छृंखल

उत् + शृंखल

(viii) सन्नारी

सत् + नारी

(ix) राकेश

राका + ईश

(x) महोर्जा

महा + ऊर्जा

3½

2. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए। अंक - 5

(i) पो + अन

~~पावन~~ पवन ✓

(ii) वाक् + मय

वाग्मय ✗

(iii) मनः + चेतना

मनोचेतना ✗

(iv) परि + कार

~~परिष्कार~~ परिष्कार ✓

(v) परः + पर

परस्पर ✓ (3)

(vi) दिक् + अंबर

दिगंबर ✓

(vii) नारी + उचित

नार्युचित ✓

(viii) गुरु + आदेश

गुर्वादेश ✗

(ix) प्र + उज्ज्वल

प्रोज्ज्वल ✗

(x) पयः + पान

पयःपान ✓

**samyak**
An Institute For Civil Services



**Comment**

3. अतिरिक्त जिला कलक्टर, जिला भरतपुर द्वारा उपखण्ड वैर को जिला कलक्टर द्वारा क्षेत्र में जनसुनवाई किए जाने के कार्यक्रम हेतु कार्यालय पत्र लिखिए। अंक - 10

राजस्थान सरकार

कार्यालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, जिला भरतपुर (राज०)

का.प.- 5(2)/अ जि क/विविध/2023/1103 दिनांक: 26 नव. 2023

उपखण्ड अधिकारी

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, वैर

विषय: जिला कलक्टर द्वारा क्षेत्र में जनसुनवाई कार्यक्रम बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निर्देशित किया जाता है कि श्रीमान जिला कलक्टर द्वारा उपखण्ड वैर में जनसुनवाई का कार्यक्रम दिनांक 10 दिस० 2023 को प्रस्तावित है इस हेतु उपयुक्त जगह निर्धारित कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गतिविधियां सम्पन्न कर सूचित करें।

क ख ग

संलग्न:- कार्यक्रम गतिविधियां

(क ख ग)

अति० जिला कलक्टर, भरतपुर

का. प्र. 5(2) अ जि क/विविध/2023/1104 दिनांक: 26 नव 2023

प्रतिलिपि:- आवश्यक कार्यवाई व सूचनार्थ प्रेषित।

1. श्रीमान जिला कलक्टर, जिला भरतपुर।
2. रक्षित पत्रावली।

क ख ग

(क ख ग)

अति० जिला कलक्टर, भरतपुर

5

Samyak
An Institute For Civil Services

## Translation of Five sentences from Hindi to English, Articles and Determiners

Comment

(A) Identify the error and rewrite the correct form of the following sentences: (Q. No. 1-10)
Marks 10

1. God made country and man made town.

The God made countr and a man made town

2. Do you take a sugar and if so, how much?

Do you take sugar and if so, how much?

3. He is as a weak boy as my brother.

He is as weak boy as my brother.

4. The lions are carnivorous.

the lions are carnivorous

6

5. I have a work to do and so I will reach late.

I have a work to do so I will reach late.

6. Higher you go, colder it is.

The higher you go, colder it is.

7. The pride hath a fall, 'Says the Bible.'

A pride hath a fall, 'Says the Bible."

8. Whenever I meet him he always makes a mention of his father.

Whenever I meet him he always makes mention of his father.

9. What a kind of fellow he is, if his enemies are to be believed.

What kind of fellow he is, if. - - - -

10. Please go and find out dog so that you may not lose it forever.

please go and find out the dog so that ----

Comment

**(B) Translate the following sentences into English: (Q. No. 11-20)** **Marks 10**

11. क्या उसने आपसे अपनी धृष्टता की क्षमा मांग ली?

Did he sappologise to you for his wrong doing ?

12. उसने मेरी सफलता पर मुझे बधाई दी।

He thanked me on my success.

13. उसने मुख्याध्यापक को एक सप्ताह की छुट्टी की अर्जी दी।

He gave an application to head teacher for a leave of a week ~~leave~~.

14. धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का

The Dog of washerman is not of house or not for river.

1½

15. सारे शहर में धारा 144 लगा दी गयी है, लोग बाहर निकलने से डर रहे हैं।

- Section 144 has been imposed in whole city, people are afraiding to come out.

16. लोग साधारणतया सोचते हैं कि देश को सभ्य कहलाने हेतु प्रचुर मात्रा में भौतिक वस्तुओं की आवश्यकता होती है।

Generally people think that a lot of physical goods is required for calling a country good

17. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (क) के अंतर्गत प्रावधित वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मूल अधिकार अंतर्निष्ठ है।

Fundamental right of ~~spe~~ freedom of speech and expression is mentioned under article 19(1)(a) of the Indian constitution.

18. अभी दिल्ली दूर है।

Delhi is still away.

19. वह बाल बाल बचा।

He was saved slightly.

20. गांधीजी ने सत्याग्रह आंदोलन प्रारम्भ किया।

Gandhiji started the Satyagraha movement.